अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झॉसी।

पत्रॉक– / छात्रवृत्ति / 2024 / एस0सी0–3 दिनॉक: 08 / 01 / 2025

आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के पूर्व पत्रॉक– 5736 / छात्रवृत्ति / 2024 / एस0सी0–3, दिनॉक: 28 / 12 / 2024 की तिथियों में आंशिक संशोधन करते हुए इस चिकित्सा महाविधालय में अध्ययनरत एमबीबीएस पाठ्यकम , डिप्लोमा इनलैब टेक्नीशियन पाठ्यकम एवं डिप्लोमा इन एक्सरे टेक्नीशियन पाठ्यकम के छात्र छात्राओं को अवगत कराना है कि उ0प्र0 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु समय सारणी निर्गत हो गयी है जिसके अनुसार छात्र छात्राओं द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अन्तिम तिथि 11 / 01 / 2025 निर्धारित की गयी है। छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 15 / 01 / 2025 निर्धारित है । शिक्षण संस्थान द्वारा छात्र छात्राओं के आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 23–01–2025 निर्धारित है।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति सत्र 2024–25 हेतु आवेदन करने वाले **सामान्य वर्ग एवं अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं को अवगत कराना है कि इस वर्ष छात्रवृत्ति पोर्टल पर संस्था स्तर से आवेदन फार्म अग्रसारित किये जाने से पूर्व आवेदन करने वाले छात्र छात्राओं का छात्रानुभाग से बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।** छात्र छात्राओं द्वारा बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन पूर्ण न किये जाने पर उनका आवेदन फार्म पोर्टल पर अग्रसारित नही माना जायेगा जिस स्थिति में छात्र छात्रायें छात्रवृत्ति से वंचित हो जायेगे इस हेतु समस्त उत्तर दायित्व सम्बन्धित छात्र छात्राओं का होगा।

अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं का बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन पोर्टल पर नही किया जाना है।

छात्र छात्राओं द्वारा आवेदन फार्म दिनॉक संस्था में जमा करने के उपरान्त निम्न तिथियों में छात्रानुभाग में पोर्टल पर उनके आवेदन फार्म का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जाना अनिवार्य है। सभी अभ्यर्थी निम्न तिथियों में छात्रानुभाग में आकर अपने आवेदन फार्म का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन करना सुनिशचित करें।

कम सं0	कोर्स का नाम	छात्रानुभाग से आवेदन करने वाले छात्र छात्राओं के छात्रवृत्ति पोर्टल पर बायोमेट्रिक ऑथन्टिकेशन की तिथियॉ। समय दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक
01	एम0बी0बी0एस0	09–01–2024 से 17–01–2024 तक
02	डिप्लोमा इनलैब टेक्नीशियन	15–01–2024 से 17–01–2024 तक
03	डिप्लोमा इन एक्सरे टेक्नीशियन	18–01–2024 से 20–01–2024 तक

सभी छात्र छात्रायें दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करते समय पूर्ण सावधानी रखें । आवेदन करने में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर छात्रवृत्ति न आने पर सम्बन्धित छात्र छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे। आवेदन फार्म के साथ समस्त आवश्यक संलग्नक लगाकर प्रधानाचार्य कार्यालय के डिस्पैच सेक्शन में जमा कराना सुनिश्चित करें।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु छात्र छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक होने का प्राविधान है। अतः सभी छात्र छात्रायें की वर्तमान शिक्षण सत्र के दौरान उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक रखें। अन्य पिछडा वर्ग के एम0बी0बी0एस0 छात्र छात्रायें बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होने पर छात्रवृत्ति न आने पर सम्बन्धित छात्र छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रधानाचार्य
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज,
झॉसी।

पत्रॉक - 5968

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–समस्त विभागाध्यक्ष, मेडिकल कॉलेज झॉसी।
2– अधीक्षक, छात्रावास सी0वी0रमन,धनवन्तरी व यू0जी0 बालिका छात्रावास, सम्बन्धित सभी छात्रावास के नोटिस बोर्ड , मेडिकल कॉलेज झॉसी।
3– अधीक्षक / सहायक अधीक्षक , यू0जी0 एम0बी0बी0एस0 ब्याइज छात्रावास / गर्ल्स यू0जी0 छात्रावास, पैरा मेडिकल कॉलेज झॉसी (द्वारा निदेशक, पैरामेडिकल कॉलेज झॉसी।)
4– नोटिस बोर्ड ।
5– मेडिकल कॉलेज झॉसी के ऑफीसियल वेबसाइट पर छात्रों हेतु सूचनार्थ।

प्रधानाचार्य
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज,
झॉसी।